Eighteenth Series, Vol. XV No. 31

Saturday, April 18, 2026
Chaitra 28, 1948 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Seventh Session**

**(Eighteenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XV contains Nos. 21 to 31)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Chander Mohan

**Additional Secretary**

Nisha Sharma

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Manoj Kumar Pankaj

**Joint Director**

Narender Kumar

**Editor**

**© 2026 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Eighteenth Series, Vol. XV, Seventh Session, 2026/1948 (Saka)**
**No. 31, Saturday, April 18, 2026/ Chaitra 28, 1948 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **VALEDICTORY REFERENCE** | 4-6 |
| **NATIONAL SONG** | 6 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri N. K. Premachandran

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri A. Raja

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Saturday, April 18, 2026/ Chaitra 28, 1948 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

## VALEDICTORY REFERENCE

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अब हम 18वीं लोक सभा की 7वें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। यह सत्र 28 जनवरी, 2026 को आरंभ हुआ था। इस सत्र में हमने 31 बैठकें की, जो लगभग 151 घंटे और 41 मिनट तक चलीं।

माननीय राष्ट्रपति जी ने 28 जनवरी, 2026 को समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। सदन ने 2 घंटे 46 मिनट की चर्चा के बाद माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। दिनांक 1 फरवरी, 2026 को माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में केन्द्रीय बजट 2026-27 को पेश किया गया। सदन द्वारा केन्द्रीय बजट 2026-27 पर सामान्य चर्चा लगभग 13 घंटे तक चली। इस चर्चा में 63 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। माननीय वित्त मंत्री जी ने दिनांक 11 फरवरी, 2026 को चर्चा का उत्तर दिया। सदन द्वारा कुछ चयनित मंत्रालयों, विभागों की अनुदान मांगों 2026-27 पर 16 मार्च, 17 मार्च और 18 मार्च, 2026 को चर्चा की गयी और चर्चा समाप्ति के उपरांत उन पर मतदान किया गया। दिनांक 18 मार्च, 2026 को ही केन्द्रीय बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पारित किया गया। इसके बाद सदन द्वारा वित्त विधेयक 25 मार्च, 2026 को पारित किया गया।

इस सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किए गए। कुल 9 विधेयक पारित किए गए। कुछ महत्वपूर्ण विधेयक हैं: - 'औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026', 'वित्त विधेयक 2026', 'उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण संशोधन) विधेयक, 2026', 'प्रवर समिति द्वारा यथा प्रतिवेदित दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026', 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026', 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026', 'केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026', सदन द्वारा 16 अप्रैल और 17 अप्रैल, 2026 को 'संविधान के 131वें संशोधन विधेयक, 2026', 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' तथा 'परिसीमन विधेयक, 2026' पर चर्चा की गयी। यह चर्चा 21 घंटे 27 मिनट तक चली। इसमें 131 माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। यह संविधान

संशोधन विधेयक सदन द्वारा पारित नहीं हुआ। सत्र के दौरान 126 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। माननीय सदस्यों ने लोकमत के 326 मामले उठाए। सभा में नियम 377 के अधीन 650 मामले उठाए गए।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 23 मार्च, 2026 को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भारत के समक्ष आ रही चुनौतियों के बारे में एक वक्तव्य दिया गया। दिनांक 30 मार्च, 2026 को 'वामपंथी उग्रवाद से देश को मुक्त कराने के प्रयास' के विषय पर नियम 193 के अधीन एक अल्पकालिक चर्चा की गयी। यह चर्चा 6 घंटे 7 मिनट तक चली। इसमें 36 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा माननीय गृह मंत्री जी के उत्तर के साथ संपन्न हुई। दिनांक 16 अप्रैल, 2026 को आसन द्वारा सदन में भारत के 500 मेगावाट प्रोटो-टाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा सफलतापूर्वक प्रथम क्रिटि-कैलिटी प्राप्त करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया गया। माननीय सदस्यगण, आपके सहयोग से लोक सभा में इस सत्र की कार्य-उत्पादकता 93 प्रतिशत रही।

इस सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा 181 वक्तव्य 18 भारतीय भाषाओं में दिए गए, जिनका समानान्तर भाषांतर सुचारू रूप से किया गया।

माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का, संसदीय कार्य मंत्रियों का, नेता प्रतिपक्ष का, विभिन्न दलों के नेताओं का और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यंत आभारी हूँ।

मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों को भी धन्यवाद देता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूँ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में संबद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए भी धन्यवाद देता हूँ।

अब आप सभी माननीय सदस्य राष्ट्र गीत “वंदे मातरम्” के सम्मान में अपने स्थान पर खड़े हो जाएं।

---

**11.05 hrs**

**NATIONAL SONG**

*The National Song was played.*

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

**11.09 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned sine die.*

---

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website at the following address:

www.sansad.in/ls

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Seventeenth Edition)